सत्यमेव जयते

बिहार विधान परिषद्

वां सत्र 191

तारांकित प्रश्न

वर्ग –1

माघ 29, 1940 (श0)

सोमवार, तिथि --

फरवरी 18, 2019 ई0

प्रश्नों की कुल संख्या –37

1.	कृषि विभाग	---	---	06
2.	ग्रामीण कार्य विभाग	---	---	19
3.	पथ निर्माण विभाग	---	---	07
4.	संसाधन विभागपशु एवं मत्स्य	---	---	01
5.	पंचायती राज विभाग	---	---	01
6.	ग्रामीण विकास विभाग	---	----	02
7.	भवन निर्माण विभाग	---	----	01

		कुल योग -		37

दृढ़ संकल्पित योजना

93. प्रो. नवल किशोर यादव :क्या मंत्री, कृषि विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार को कृषि कर्मण पुरस्कार वर्ष 2011-12 में चावल के सर्वाधिक उत्पादन के लिए, वर्ष 2012 -13 में गेहूं के सर्वाधिक उत्पादन के लिए वर्ष 2015-16 में मक्का के सर्वाधिक उत्पादन के लिए मिला;

(ख) क्या यह सही है वर्ष 2016-17 में राज्य में मक्का का कुल उत्पादन 38.46 लाख टन हुआ जिसका उत्पादन बढ़कर 53.35 क्विंटल प्रति हेक्टेयर दर्ज की गई जो राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक उत्पादकता है;

(ग) क्या यह सही है कि यह परिणाम कृषि रोड मैप को ही जमीन पर उतारने का नतीजा है;

(घ) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार वर्ष 2022 ई0 तक किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प को पूरा करने के लिए कौन-कौन सी दृढ़संकल्पित योजना बनाना चाहती है?

सड़क की अविलम्ब मरम्मती

94.श्री मो. तनवीर अख्तर : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सही है कि सुपौल जिला के सुपौल से भपटियाही जाने वाली एन.एच. -27 ई सड़क में किशनपुर प्रखंड के सिसौनी उत्क्रमित मध्य विद्यालय से कटहरा होते हुए पी.डब्लू.डी. पथ के उर्दू मध्य विद्यालय, कदमपुरा के पास मिलने वाली ग्रामीण कार्य विभाग की पथ अत्यंत जर्जर स्थिति में है ;

(ख) क्या यह सही है कि खंड ‘क’ में वर्णित सड़क जर्जर रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित सड़क को अविलंब मरम्मती कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

जर्जर सड़क की मरम्मती

95. श्री दिलीप राय : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के वसंतपट्टी चौक से बैरगनिया तक की सड़क सिंगल रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के बैरगनियां से ढेंग तक की लगभग दो किलोमीटर तक की सड़क गढ्ढा से परिपूर्ण एवं जर्जर रहने के कारण आम जनता को बहुत परेशानी है;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वसंतपट्टी चौक से बैरगनिया तक की सड़क का चौड़ीकरण करने एवं बैरगनिया से ढेंग तक की जर्जर सड़क की मरम्मती करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक?

सड़क की मरम्मती

96. श्री मो. तनवीर अख्तर : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सुपौल जिला के सुपौल से भपटियाही जाने वाली एन.एच. -27 ई सड़क से सुपौल प्रखण्ड का चैनसिंह पट्टी होते हुए महुआ जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित सड़क जर्जर रहने के कारण वाहन दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त सड़क का निर्माण कब कराया गया था, क्या सरकार उपरोक्त वर्णित सड़क की अविलंब मरम्मती कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

97. श्री संजीव कुमार सिंह : क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सुपौल जिले के सुपौल प्रखंड अन्तर्गत महुआ गॉव से बभनी होते हुए पूर्वी कोशी तटबंध पर जानेवाली सड़क में लोहा पुल पर एप्रोच (पहुँच पथ) नहीं है ;

(ख) क्या यह सही है कि सड़क क्षतिग्रस्त है, तटबंध की ओर जाने वाली सड़क का कार्य अपूर्ण है, जिस कारण गाड़ी तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस महत्वपूर्ण सड़क की अविलम्ब मरम्मती एवं एप्रोच (पहुँच) पथ का निर्माण कराना चाहती है ?

सख्त कार्रवाई कबतक

98.श्री राम चन्द्र भारती: क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के खुसरूपुर प्रखण्ड स्थित धनसुरपुर से सालिमपुर ग्राम तक आर0ई0ओ0 की सड़क का निर्माण पांच वर्ष पूर्व हुआ है, जिसके रखरखाव की जवाबदेही भी सड़क बनाने वाले संवेदक की है ;

(ख) क्या यह सही है कि संवेदक द्वारा इन पांच वर्षों में उक्त सड़क का एक बार भी मरम्मति नहीं की गयी और सड़क की स्थिति जर्जर हो चुकी है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़क बनाने वाले संवेदक के विरुद्ध अपनी जिम्मेवारी नहीं निभाने के कारण सख्त से सख्त कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

नाली ऊँचा कबतक

99. श्री अर्जुन सहनी: क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत पुनपुन प्रखंड के बेहरामा पंचायत के ग्राम-मंझौली में श्री विजय मालाकार के मकान से श्री इन्द्रदेव प्रसाद के मकान तक की नाली एवं बारिश का पानी दक्षिण की ओर ऊंचा नाली बन जाने के कारण नहीं निकल पा रहा है;

(ख) यदि खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार श्री विजय मालाकार के मकान से श्री इन्द्रदेव प्रसाद के मकान के मध्य की गली एवं नाली को ऊंचा कराना चाहती है ताकि इस क्षेत्र के नाली एवं बारिश का पानी सरलतापूर्वक प्रवाहित हो सके, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

अधूरे पथ का निर्माण

100. श्री आदित्य नारायण पाण्डेय :क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिले के भोरे प्रखंड के रघुनाथपुर से निकलकर देउरवा होते हुए उत्तर प्रदेश की सीमा मलचौर तक जाने वाले पथ का निर्माण हो चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ के बीच में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, डीह जैतपुरा से हाहावती नदी तक लगभग 500 मीटर तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है जिससे उक्त पथ का समुचित लाभ क्षेत्रवासियों को नहीं मिल रहा है और आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कबतक उक्त अधूरे पथ का निर्माण कराना चाहती है ,यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

पथ का निर्माण कबतक

101.श्री केदार नाथ पाण्डेय: क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क)क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत भगवानपुर संजात पथ का निर्माण प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि तीन वर्ष से भी कम समय में खण्ड 'क' में वर्णित पथ पूर्णत: ध्वस्त हो गया है;

(ग)क्या यह सही है कि उस सड़क से मधुबनी-दरभंगा जिला होते हुए हजारों ट्रक चलते हैं और किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है;

(घ)यदि उक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार भगवानपुर-संजात पथ का निर्माण कब तक कराना चाहती है ?

पथ का निर्माण

102.श्री राधाचरण साह: क्या मंत्री,ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सहार प्रखंड के ग्राम कौलोडिहरी बाजार से ग्राम अठपा तक पथ है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ की लम्बाई (दूरी)3KM है, इसकी स्थिति बहुत ही जर्जर और खराब है जिसके कारण ग्रामीण जनता को आने-जाने में में काफी कठिनाई उठानी पड़ती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम कौलोडिहरी बाजार से ग्राम अठपा तक जनहित में शीध्र पथ बनवाना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

पथ का पुनर्निमाण

103. श्री रजनीश कुमार : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगें –

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिले के बेगूसराय-मंझौल पथ एस.एच.-55 रजौड़ा चौक से चांदपुर होते हुए सुहागी घाट जाने वाली सड़क आर.ई.ओ. की है ;

(ख) क्या यह सही है कि उपरोक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग के द्वारा अधिगृहीत किया गया;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सड़क अधिगृहीत होने के बाद भी जर्जर स्थिति में है जिसके कारण उक्त सड़क में दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या सरकार इस पथ का पुनर्निमाण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक नहीं तो क्यों ?

पूर्णत: रोक कबतक

104. श्री कृष्ण कुमार सिंह: क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में हर साल आंध्रप्रदेश से 50 से 60 हजार टन मछली आती है, मछलियों के परिवहन में चार-पांच दिन या हफ्ते भर का समय लग जाता है, इससे मछली सड़ने लगती है, सड़ने से बचाने के लिए मछलियों का फर्मलीन का लेप लगा कर भेज दिया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि फर्मलीन अगर स्वस्थ्य मानव शरीर में पहुंचता है तो ब्लड, नाक, गला व फेफड़े का कैंसर होने की आशंका रहती है;

(ग) क्या यह सही है कि, विभाग ने अक्टूबर माह में मछलियों का सैम्पल लेकर कोलकाता और कोच्चि की लैब में भेजा, जिसमें फर्मलीन की पुष्टि हुई थी;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आंध्रप्रदेश व अन्य राज्यों से आनेवाली मछलियों पर पूर्णत: रोक लगाना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

नाला सफाई कबतक

105. श्री रामलषण राम 'रमण': क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखण्ड की जयनगर नगर पंचायत एवं जयनगर बस्ती पंचायत की सीमा पर सुभाष चौक से जयनगर बस्ती पंचायत के मध्य विद्यालय तक जयनगर-खजौली मुख्य सड़क के पूरब किनारे पक्का नाला का निर्माण वर्ष 2003 में कराया गया था ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नाला को जगह-जगह अतिक्रमित कर नाला को भरकर निजी उपयोग में लाया जा रहा है जिससे जल निकासी की भारी समस्या खड़ी हो गई है;

(ग) क्या यह सही है कि सड़क पर पानी जमा रहने से हजारों की आबादी बुरी तरह प्रभावित हो जाती है;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक नालों को अतिक्रमण मुक्त कराकर नाला सफाई कराकर जनता के संकट का निदान कराना चाहती है?

सड़क का जीर्णोद्धार

106.श्री राजेश राम : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिले के प्रखंड रामनगर अन्तर्गत रामनगर से भावल जानेवाली आर.डब्लू.डी.पथ पूर्णरूपेण क्षतिग्रस्त हो गया है जिसके कारण आम-जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ख) यदि उपरोक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार रामनगर से भावल लगभग 04 किलोमीटर क्षतिग्रस्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

सड़क निर्माण कबतक

107. श्री मो0 गुलाम रसूल: क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखण्ड के पंचायत राज मतेया के ग्राम-रामपुर से रघुनन्दपुर तक की सड़क की विगत वर्ष निविदा की गयी थी;

(ख) क्या यह सही है कि संवेदक द्वारा काफी दिनों से निर्माण हेतु सड़क को तोड़-फोड़ कर गड्ढे में तब्दील कर दिया गया है एवं सड़क के कुछ भाग को पी0सी0सी0 कर के छोड़ दिया गया है जिसके कारण ग्रामीणों को आने-जाने में भारी कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण अतिशीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो तो कब तक, नहीं तो क्यों?

सड़क निर्माण

108.डॉ रामवचन राय: क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत विदुपुर प्रखंड के विदुपुर बजार से मझौली मध्य विद्यालय होते हुए एन.एच.103 में मिलने वाली सड़क की स्थिति अत्यन्त ही दयनीय है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि आमलोगों को पैदल चलना भी मुश्किल है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त सड़क का निर्माण वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

सड़क निर्माण कबतक

109.श्री रामईश्वर महतो : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के मेजरगंज प्रखण्ड अंतर्गत श्रीनगर चौक से भाया लरकवा हेतु हुए लालदासी फुलमत माई स्थान तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर अवस्था में है;

(ख) क्या यह सही है कि सड़क के अभाव में इस इलाके का संपर्क बरसात के दिनों में जिला मुख्यालय से खत्म हो जाता है जिससे दर्जनों गांव के लोगों का जीवन प्रभावित होता है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर, स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार जनहित में उक्त सड़क का निर्माण इसी वित्तीय वर्ष में कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक ?

राशि का भुगतान

110.श्री सुबोध कुमार: क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महुआ प्रखंड में किसानों के बीच वर्ष 2014-15 में डीजल अनुदान की राशि वितरित की गयी थी;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त प्रखंड के 325 किसानों के खाते में डीजल अनुदान की राशि 1500000/- (पन्द्रह लाख) रुपये का भुगतान आज तक नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वैशाली जिले के महुआ प्रखंड के उक्त किसानों के खाते में राशि नहीं भेजे जाने के दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए किसानों के खाते में राशि का भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

111.श्री शिव प्रसन्न यादव : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सीवान जिला के जीरादेई प्रखंड की पंचायत मियां के मटन के ग्राम संजलपुर का पक्की सड़क से सम्पर्क नहीं है;

(ख	क्या यह सही है कि उक्त ग्राम की आबादी एक हजार से ज्यादा है;

(ग)	यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संजलपुर ग्राम को बहुलिया तक सड़क का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हॉं तो कब तक ?

मानदेय का भुगतान

112.श्री सुमन कुमार : क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क)	क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के त्रिस्तरीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों का मानदेय भत्ता लंबित होने के कारण इन्हें बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ख)	क्या यह सही है कि बार-बार सदन में आश्वासन देने के बाद भी मानदेय को अद्यतन नहीं किया गया ;

(ग)	यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी जिला के त्रिस्तरीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों के लंबित मानदेय का भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

समुचित कार्रवाई

113. श्री मनोज यादव : क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क)	क्या यह सही है कि भारत सरकार स्वच्छता मिशन के तहत शौचालय निर्माण हेतु सरकार लाभुकों के खाते में स्वीकृत राशि का भुगतान करती है ;

(ख)	क्या यह सही है कि भागलपुर जिले के पीरपैंती प्रखण्ड के इसीपुर बाराहाट में बिहार ग्रामीण बैंक की बचत खाता सं0-36210110013633, जो सुश्री ब्यूटी रानी के नाम से संधारित खाते में विगत दिनांक-25 सितम्बर, 28 सितम्बर, 1 अक्टूबर, 11 अक्टूबर, 12 अक्टूबर 18 एवं 20 अक्टूबर, 18 सितम्बर को क्रमश: मो0 12,000/-

(बारह हजार रुपये) प्रत्येक तिथि एवं मो0 40,000/-(चालीस हजार रुपये)मात्र एक ही बैंक खाते में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पीरपैंती द्वारा स्वीकृत राशि का स्थानान्तरित करना इनके भ्रष्ट आचरण का पुख्ता प्रमाण प्रतीत होता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार ऐसे भ्रष्ट प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पीरपैंती, भागलपुर को सरकार स्थानान्तरित कर समुचित कार्रवाई करना चाहती है ,यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

डबल लेन सड़क का निर्माण

114.श्री सतीश कुमार: क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि –

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत मोतिहारी-छोड़ादानो मार्ग सिंगल लेन है जिससे व्यवसायिक कृषि ,व्यापारिक तथा अन्य कार्यों के लिए लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है ;

(ख) क्या यह सही है कि मोतिहारी-छोड़ादानों पथ का डबल लेन होने से उक्त कार्य में लोगों को कठिनाइयों से निजात मिल जायेगी तथा रिमोट क्षेत्र के विकास हो सकेंगे ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मोतिहारी-छोड़ादानों के पथ को डबल लेन पथ का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

सामुदायिक भवन का निर्माण

115. श्री संजीव श्याम सिंह :क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि –

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के डुमरिया प्रखण्ड के नारायणपुर पंचायत के बाघपुर गांव में महादलितों की बड़ी आबादी रहती है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त गांव में एक भी सामुदायिक भवन नहीं है जिससे यहां के ग्रामीणों को काफी दिक्कत होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उक्त गांव में सामुदायिक भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हॉं तो कबतक ?

ब्रेकर से निजात

116. श्रीमती रीना देवी: क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि इसलामपुर दनियांवा S.H. पथ पर इसलामपुर से लेकर हिलसा तक अनेकों जगह पर तय मानक के विपरीत ब्रेकर का निर्माण किया गया, जिसके कारण अक्सर दुर्घटना हो रही है, यदि हॉं तो सरकार कब तक उक्त ब्रेकर को हटाने का विचार रखती है ?

कृषि अनुसंधान कबतक

117. श्री सोनेलाल मेहता: क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि, खगड़िया जिला कोशी प्रभावित जिला है;

(ख) क्या यह सही है कि कोशी प्रभावित बेजान मिट्टी में पैदावार बढ़ाने की आवश्यकता है;

(ग) क्या सरकार ने कोशी प्रभावित बेजान मिट्टी में पैदावार बढ़ाने हेतु कोई कार्य योजना बनाई है;

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार इस क्षेत्र की मिट्टी की पैदावार बढ़ाने के लिए कृषि अनुसंधान के माध्यम से कोई अनुसंधान कराना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

118. श्रीमती मनोरमा देवी: क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के कोंच प्रखण्ड के केर हाई स्कूल से दैलतपुर होते हुए मुख्य नहर तक सड़क नहीं बनी हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो उक्त सड़क का निर्माण सरकार कबतक कराएगी ?

कार्रवाई कबतक

119. श्री संजय प्रसाद: क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि, शेखपुरा जिला के घाटकुसुंभा प्रखंड अंतर्गत कोरमा मोर से कोरमा जगदीशपुर पथ का निर्माण कार्य कराना था ;

(ख) क्या यह सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग शेखपुरा के द्वारा उक्त स्वीकृत पथ कोरमा मोर से कोरमा जगदीशपुर तक का निर्माण कार्य लगभग 2 किलोमीटर का एलाइनमेंट अन्यत्र बदल दिया गया ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार कोरमा मोर से जगदीशपुर तक का पथ निर्माण करवाना चाहती है क्या दोषी पदाधिकारी एवं संवेदक के विरुद्ध सरकार कार्रवाई करेगी, यदि हाँ तो कबतक नहीं तो क्यों ?

कारगर उपाय नहीं

120. श्री रामचन्द्र पूर्वे : क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटवन की ठोस वैकल्पिक व्यवस्था यथा राजकीय नलकूप, निजी बोरिंग, वर्षाजल का संचयन/संग्रहण, जलस्तर में वृद्धि के उपायों के अभाव में वर्षा पर किसानों की बढ़ती निर्भरता के कारण वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक प्रति हेक्टेयर धान की उत्पादता में लगातार कमी आयी है, यदि हॉं तो इस स्थिति से निबटने हेतु सरकार क्या कारगर उपाय कर रही है ?

सडक का पक्कीकरण

121. श्री हीरा प्रसाद बिंद: क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि, नालन्दा जिला के थरथरी प्रखंडान्तर्गत हथकट्ठा मोड़ से सैदबरही पथ एवं चण्डी राजपथ से (भाया दुसदटोली मोड़) सतकाईन पथ तक कच्ची सड़क है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कच्ची सड़क होने के कारण आम जनता को आने-जाने में बहुत कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित कच्ची सड़क को जनहित में पक्कीकरण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

ऋण कबतक

122. श्री संजय प्रकाश: क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में कच्चे माल के नाम पर कृषि उत्पाद ही हैं;

(ख) क्या यह सही है कि कृषि रोड मैप के बाद जिस गति से उत्पादन बढ़ा है उस गति से मूल्य संवर्द्धन पर काम नहीं हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो फूड प्रोसेसिंग यूनिट के लिए कब तक राज्य सरकार स्वयं से ऋण उपलब्ध करा सकेगी ?

फसल बीमा का लाभ

123. श्री टुनजी पाण्डेय : क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पूरे बिहार में किसानों का फसल बीमा हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि सीवान जिला के किसी प्रखण्ड में अभी तक बीमित किसानों को फसल बीमा का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार किसानों को फसल बीमा की राशि एवं बीमा का लाभ उपलब्ध कराएगी , यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

सड़क की मरम्मति

124.श्री सच्चिदानन्द राय : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत सारण-सिवान एन0एच0 के एकमा से डॉक्टर एस0 कुमार, स्टेशन रोड, प्रखंड मुख्यालय –एकमा होते हुए ताजपुर को जाने वाला पथ जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क जर्जर होने से प्रखंड मुख्यालय में आने हेतु 10 किलोमीटर की दूरी 1 घंटे में तय करनी पड़ती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मति कराने का विचार रखती है, हां तो कबतक,नहीं तो क्यों ?

पुल का निर्माण

125. श्री संजय पासवान: क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला में स्थित राज्य उच्च पथ संख्या-103 (मंझवे-गोविन्दपुर पथ) में तिलैया नदी तथा धनार्जेय नदी पर पुल न होने के फलस्वरूप इस पथ में यातायात अवरुद्ध है ;

(ख) यदि खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस पथ में स्थित दोनों नदी पर पुल - निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक और नहीं तो क्यों ?

सड़क निर्माण

126. श्री सुनील कुमार सिंह : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत गौड़ाबौराम प्रखंड के विशनपुर चौक से बिरौल प्रखंड अंतर्गत पुरानी थाना सुपौल बाजार तक करीबन 2 कि0मी0 की सड़क है ;

(ख) क्या यह सही है कि इस सड़क के ठेकेदारों द्वारा नहीं करने के कारण यह सड़क जर्जर अवस्था में आ चुकी है ;

(ग) क्या यह सही है कि यह सड़क दोनों प्रखंडों का मुख्य मार्ग है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

पथ का निर्माण

127.श्री देवेश चन्द्र ठाकुर : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी से चोरौत पथ अंतर्गत (1) मधुबनी चौक SH-87 से नाढी घाट तक दूरी करीब चार कि0मी0 (2) पिड़ौखर (मीना बाजार) से झटियाही चौक होते हुए हाई स्कूल चौक, चोरौत(NH-104 एवं चोरौत बलवा PWD पथ के मिलन-बिन्दु तक) दूरी करीब चार कि0मी0 की स्थिति अत्यन्त ही जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथांशों का अधिग्रहण पथ निर्माण द्वारा किया जाना जनहित में आवश्यक है ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पथ न केवल चोरौत प्रखण्ड को अनुमण्डल पुपरी से जोड़ने वाला एक-मात्र पथ है बल्कि यह जनकपुर धाम नेपाल जाने वाले यात्रियों पर्यटकों का पर्यटक पथ और भारत-नेपाल का पारगमन पथ है के साथ ही बाढ़ के समय में सीतामढ़ी को मधुबनी जिला से जोड़ने वाला एक वैकल्पिक मार्ग है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार क्षेत्र की एक प्रमुख आवागमन की समस्या के निदान हेतु उक्त दोनों ही पथांशों का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग द्वारा करते हुए जनहित में वृहत जिला पथ (MDR) के तहत पथ निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

पहुंच पथ एवं मरम्मति का कार्य

128. श्री सलमान रागीव: क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अन्तर्गत शास्त्री नगर स्थित आवास संख्या-217 से 222/800 एवं 237 से 240/800 तक के पहुंच पथ में पानी लगा रहता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त आवास के आवासी को अत्यन्त कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त आवासों की मरम्मती का कार्य पूरा नहीं किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार आवास संख्या-217 से 222/800 एवं 237 से 240/800 तक के पहुंच पथ का निर्माण एवं मरम्मति के

कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

पुल का निर्माण

129. श्री अशोक कुमार अग्रवाल: क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कुरसैला प्रखण्ड के निकट एन0एच0-31 पथ पुल काफी पुराना एवं जर्जर स्थिति में है यह देश के पूर्वी क्षेत्र के आवागमन के लिए एकमात्र मुख्य सड़क है;

(ख) क्या सरकार इस पथ पुल के समानान्तर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, अगर हां तो कबतक ?

पटना — **विनोद कुमार**

दिनांक- 18 फरवरी,2019 — **कार्यकारी सचिव**

बिहार विधान परिषद्